(iv) क्या छात्रों के उपयुक्त प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त अस्पताली सुविधाएं मौजूद हैं।

(ख) भारतीय चिकित्सा परिषद ने इस प्रकार सूचित किया है :—

वर्ष	राज्य	खोले गए चिकित्सा कालेजों की संख्या
1990	महाराष्ट्र	
1991	(1) महाराष्ट्र	2
	(2) चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	1
1992	(1) राजस्थान	1
	(2) तमिलनाडु	1

(ग) यह बात नये कालेजों को खोलने के लिए प्राप्त आवेदनों और अनुमति के लिए उनकी उपयुक्तता पर निर्भर होगी ।

पान मसाला और गुटका के सेवन से पैदा होने वाले घातक रोग

1812. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पान मसाला और गुटका के सेवन से कैंसर जैसे घातक रोग उत्पन्न होते हैं और ये रोग बहुत तेजी से फैल रहे हैं ;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ग) पान मसाला और गुटका के सेवन के फलस्वरूप पैदा होने वाले कैंसर आदि रोगों के फैलाव को रोकने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर): (क) और (ख) गुटका और पान मसाले को लगातार इस्तेमाल करने से मुख का कैंसर हो सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के आंकड़ों से पता चलता है कि कैंसर के लगभग 30 प्रतिशत रोगी तम्बाकू के कैंसर से ग्रस्त हैं ।

(ग) और (घ) विभिन्न स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के जरिए लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है। खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 में हाल ही में संशोधन करके यह व्यवस्था की गई है कि पान मसाला और खाने के तम्बाकू के डिब्बों के लेबल पर इन उत्पादों के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में सांविधिक चेतावनी दी जाए ।

दिल्ली के गोविन्द वल्लभ पंत अस्पताल में अप्रयुक्त उपकरण

1813. **श्री सोम पाल :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 19 जनवरी, 1993 के "राष्ट्रीय सहारा" के पृष्ठ दो पर प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि करोड़ों रुपये के मूल्य वाले उपकरण कई वर्षों से खराब पड़े हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो गोविन्द वल्लभ पंत अस्पताल में खराब पड़े हुए उपकरणों के नाम क्या-क्या हैं और ये उपकरण कब से खराब पड़े हुए हैं; और

(ग) उनकी मरम्मत कराने हेतु सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) : (क) जी, हां ।

(ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार ने सूचना दी है कि कुछ उपकरण मुख्यत: सी० टी० स्केनर, और कतिपय मानिटर, डेफिब्रिलेटर, वेन्टीलेटर, ई० सी० जी० मशीनें इस समय खराब पड़ी हैं। तथापि पर्याप्त वैकल्पिक उपकरण उपलब्ध हैं।

(ग) सी० टी० स्केनर के लिए कुछ आयातित पुर्जों की आवश्यकता है जो खरीदे ही जाने वाले हैं शेष उपकरणों की मरम्मत की व्यवस्था करने हेतु भी कदम उठाए जा रहे हैं।

Recruitment Rules for Junior Medical Officers (Homoeopathic)

1814. SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 2114 given in Rajya Sabha on the 2nd July, 1992 and state ;

(a) whether it is a fact that recruitment rules for Junior Medical Officer (Homoeo) pose are to be formed and also in the absence of recruitment rules upgradation from Assistant Medical Officers (H) to Junior Medical Officer (H) could not be done, if so, what are the details thereof;

(b) whether it is also a fact that implementation of CAT order has till date consumed more than three years which tantamounts to contempt of Court; and

(c) if so, what are the reasons for delay and by when the orders of CAT are likely to be implemented ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR) : (a) The finalisation of Recruitment Rules for the post of Junior Medical Officer (Homoeo) upgraded from Assistant Medical Officer (Homoeo) are under progress in Delhi Administration.

(b) and (c) The orders of CAT have already been complied with the taking a decision to upgrade the posts of Asstt. Medical Officer (Homoeo.) to Junior Medical Officer (Homoeo.) for providing reasonable promotional avenues.

दवाइयों की समाप्ति की तारीख के पश्चात उनकी बिक्री

1815. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बहुत सी दवाइयों को उनकी समाप्ति की तारीख के बाद भी बेचा जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान ऐसे कितने मामले सरकार के ध्यान में लाये गये हैं तथा इसमें कितने लोग अन्तर्ग्रस्त थे और सरकार ने इन व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) : (क) और (ख) सरकार को ऐसे 100 मामलों की जानकारी है। संबंधित प्राधिकारियों द्वारा 3 मामलों में लाइसेंस रद्द किए गए हैं, 67 मामलों में लाइसेंस निलम्बित किए गए हैं, 5 मामलों में मुकदमें दायर किए गए हैं, 7 मामलों में चेतावनी दी गई है और शेष 18 मामलों में अन्य उपयुक्त कार्रवाई की गई है।

AIDS cases detected by Madras Medical Centre

1816. SHRI JAGMOHAN : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that one AIDS case is being detected every eight days at Madras Medical Centre;

(b) how many detection centres have been, or are proposed to be, set up in the country ;

(c) whether any study has been conducted to assess the approximate percentage of the cases in which the disease has been caused by transfusion of infected blood; and